समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘पाकिस्तान पर करेगें भयंकर हमला’, ईरान के विदेश मंत्री को सामने बैठाकर एस जयशंकर ने PAK को दी चेतावनी।

Publisher | Published on 08 May 2025



**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के अपने समकक्ष को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किए गए एयरस्ट्राइक को लेकर जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया निर्धारित और नपी-तुली थी.**

भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भारत के दौरे पर आये हैं. सैयद अब्बास अराघची के साथ द्विपक्षीय बैठक में एस जयशंकर ने कहा कि आप ऐसे समय में आए हैं, जब हम पहलगाम में हुए बर्बरता का जवाब दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए बाध्य किया. इस दौरान एस जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री के सामने पाकिस्तान को चेतावनी दी है.

‘भारत की प्रतिक्रिया नपी-तुली थी’
भारत की ओर से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किए गए एयरस्ट्राइक को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के अपने समकक्ष को जानकारी दी. साथ ही यह भी कहा कि एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि आपको स्थिति की अच्छी समझ हो. उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया निर्धारित और नपी-तुली थी.

‘पाकिस्तान पर करेंगे भयंकर हमला’
एस जयशंकर ने कहा, “स्थिति को और बिगाड़ने का हमारा कोई इरादा नहीं है. हालांकि, अगर हम पर सैन्य हमला होता है तो इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि इसका बहुत ही मजबूती से जवाब दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि ईरान को स्थिति की अच्छी तरह से जानकारी रहे.

अब्बास अरागची भारत और ईरान के बीच 20वीं संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए भारत आए हुए हैं. विदेश

मंत्री एस जयशंकर ने कहा, “इस साल हमारी कूटनीतिक साझेदारी की 75वीं वर्षगांठ है, जो हमारी गहरी दोस्ती और सहयोग को दर्शाती है. मुझे विश्वास है कि हम इसे उचित रूप से मनाएं.” ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का भारत दौरा रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से है. अगस्त 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह अराघची की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.